भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-3011

दिनांक 06 अगस्त, 2026 को उत्तरार्थ

इटावा में उप-केंद्रों और पारेषण नेटवर्क के लिए योजना

3011. श्री जितेंद्र दोहरे:

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का इटावा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में बार-बार विद्युत आपूर्ति बाधित होने और कम वोल्टेज की समस्याओं के समाधान हेतु उप-केंद्रों और पारेषण नेटवर्क के आधुनिकीकरण के लिए किसी विशेष योजना को लागू करने का प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद नाईक)

(क) से (ख) : उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीटीसीएल) द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, इटावा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में पारेषण नेटवर्क के कारण बार-बार विद्युत ट्रिपिंग या कम वोल्टेज की कोई समस्या नहीं है।

चूंकि विद्युत एक समवर्ती विषय है, इसलिए अंतः-राज्यीय विद्युत ग्रिड तथा पारेषण अवसंरचना की आयोजना, विकास एवं प्रचालन मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश राज्य सरकार की जिम्मेदारी है।

भारत सरकार सभी उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण तथा विश्वसनीय विद्युत की आपूर्ति के उद्देश्य को प्राप्त करने में मदद करने के लिए विभिन्न स्कीमों के माध्यम से राज्यों के प्रयासों में सहायता प्रदान करती है।

इस संबंध में, संशोधित वितरण क्षेत्र स्कीम (आरडीएसएस) के अंतर्गत, इटावा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 441.41 करोड़ रुपये की लागत वाली हानि न्यूनीकरण अवसंरचना तथा 445.55 करोड़ रुपये की लागत वाली स्मार्ट मीटरिंग कार्यों की परियोजनाएं कार्यान्वयनाधीन हैं।

****